पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में अंर्तमहाविद्यालयीन खेल–कूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन

आज दिनांक 28.02.2020 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में 05 दिवसीय अंर्तमहाविद्यालय खेल–कूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में आज द्वितीय दिवस में विभिन्न खेल–कूद एवं सांस्कृतिक

प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खेल–कूद प्रतियोगिताओं के अंतर्गत आज क्रिकेट मैच में महू महाविद्यालय ने रीवा महाविद्यालय को 05 विकेट से पराजित किया। गोला फेंक प्रतियोगिता में जबलपुर महाविद्यालय के विकास कुमार सिंह ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। इसके साथ ही पुरूष वर्ग में कबड्डी, शतरंज, बॉलीबाल, एवं केरम के लीग मैचों का आयोजन किया गया। महिला एवं पुरूष बैडमिंटन में रीवा महाविद्यालय ने जबलपुर महाविद्यालय को पराजित कर प्रथम स्थान अर्जित किया।

सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत तात्कालिक भाषण एवं वाद–विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही साथ रंगोली, क्ले मॉडलिंग विधा में भी तीनों महाविद्यालयों ने अपनी सहभागिता दर्ज की। मंचीय कार्यक्रमों में

देशभक्ति गीत एवं लोकगीत की प्रतियोगिताएं भी संपन्न हुई। एकल गायन, समूह गायन, मूक अभिनय एवं लघु नाटक में जबलपुर महाविद्यालय ने तीनों विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

खेल–कूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका में डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी, डॉ. नूपूर निखिल देशकर, आर.जे.अंकित, डॉ. अनामिका तिवारी, डॉ. तनुश्री सिंह, डॉ. ललित श्रीवास्तव, श्री पुरूषोत्तम नामदेव तथा खेल–कूद प्रतियोगिताओं में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से खेल–कूद विभाग से संचालक डॉ. आर.के. यादव द्वारा विभिन्न विधाओं में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित निर्णायकों को इस कार्य हेतु उपस्थित किया।

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा, द्वारा सभी निर्णायक को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र एवं खादी के रूमाल से सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम में खेल–कूद दलों के दल प्रबंधक, डॉ. मोहन सिंह ठाकुर, डॉ. अर्चना जैन, डॉ. तैयबअली शेख, डॉ. अजय राय, डॉ. अल्का सुमन, डॉ. राजीव रंजन, डॉ. सुनील नागौरिया, एवं सांस्कृतिक एवं साहित्यक कार्यक्रमों के समन्वयक डॉ. अपरा शाही, डॉ. शोभा जावरे, डॉ. अमिता तिवारी, डॉ. जॉयशी जोगी, डॉ. पूनम शाक्या तथा डॉ. आदित्य मिश्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण की उपस्थिति शोभनीय रही।

अधिष्ठाता
पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय
जबलपुर